प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में एक सौ सात पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को दी बधाई : मंगलवार को खिलाड़ियों से करेंगे मुलाकात।
2. कल आठ अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस पर प्रयागराज में होगा एयर शो : वायुसेना के नये ध्वज का होगा अनावरण।
3. प्रदेश में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत पिछले तीन माह में अपराधियों के सजा दिलाने के काम में बेहतर काम करने वाले पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित।

और

4. लखनऊ में परिवहन निगम की बसों में अब डिजिटल कार्ड से कर सकेंगे किराया अदा : नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने आज कार्ड को किया लांच।

———————————

चीन में चल रहे एशियाई खेलों में भारत ने अब तक एक सौ सात पदक जीतकर शानदार सफलता हासिल की है। भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पद जीतकर चौथे स्थान पर है। एशियाई खेलों में भारत का यह शानदान प्रदर्शन है। महिला कंपाउंड तीरंदाजी में ज्योति

सुरेखा वेन्नम ने स्वर्ण पदक जीता है। तीरंदाजी में पुरुष कंपाउंड के फाइनल मैच में अभिषेक वर्मा ने स्वर्ण पदक और ओजस देवताले ने रजत पदक पर कब्जा किया। कंपाउंड तीरंदाजी में भारत ने सभी प्रतियोगिताएं जीती हैं। कंपाउंड तीरंदाजी में ही अदिति स्वामी ने सिंगल्स् प्रतियोगिता का कांस्य पदक हासिल किया है। इसके अलावा महिला कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीत कर सफलता पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में एतिहासिक प्रदर्शन के लिये भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और भारतीयों में गर्व की भावना पैदा की है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे।

———————————

एशियाई खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का सम्मान बढाया है। हॉकी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य वाराणसी के

ललित उपाध्याय के परिवार में आज खुशी का माहौल है। भाला फेक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली मेरठ के बहादुरपुर गांव की बेटी अनुरानी आज उनके गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अनुरानी ने कहा कि सरकार के सहयोग से आज उन्हें यह सफलता मिली है। अनुरानी ने बताया बाइट...

*काफी संघर्ष रहा है क्योंकि गांव पे लड़कियों को निकलना ही बहुत बड़ी बात होती है। स्ट्रगल से निकलकर मैं यहां तक पहुंची हूं तो कॉफी अच्छा लग रहा है। आने वाले जो जनरेशन की लड़कियां हैं खासतौर पर उनके लिए नये रास्ते खुले हुए हैं। क्योंकि जब मैं गांव में थी तो गांव वाले लड़कियों का खेलना अच्छा नहीं समझते थे। मैं सुबह–सुबह प्रेक्टिस करने के लिए जाती थी तो दिन निकलने से पहले मैं घर आ जाती थी। ताकि गांव वाले घर वाले न देखें तो बहुत स्ट्रगल रहा है। यह है कि स्ट्रगल करके ही इंसान मजबूत बनता है। तो आज मैने स्वर्ण पदक लिया है। मेरे देश को और आप सभी को यह समर्पित है।*

————————————

भारतीय वायु सेना कल 8 अक्टूबर को अपना 91वां स्थापना दिवस मनायेगी। वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी उत्तर प्रदेश के बमरौली, प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड में नए ध्वज का अनावरण करेंगे। साथ ही आयुध डिपो किले के आसपास संगम क्षेत्र में एयर शो भी आयोजित किया जायेगा।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारतीय वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए एक नया एलएएफ ध्वज बनाया गया है। इस ध्वज के शीर्ष पर

अशोक का चिन्ह है और उसके नोचे देवनागरी में सत्यमेव जयते लिखा है।

नया ध्वज फहराये जाने के बाद पुराने संस्करण को हटा दिया जाएगा। इसे पूरे सम्मान के साथ मोड़कर वायुसेना प्रमुख को सौंपा जाएगा और बाद में वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शनी के तौर पर शामिल किया जाएगा।

———————————

लखनऊ में आज पुलिस महानिदेशक कार्यालय में आपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पिछले तीन माह में पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के काम में बेहतर काम करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि तीन माह में सात हजार 665 प्रकरण में 10 हजार से अधिक अपराधियों को सजा दिलाई गई। उन्होंने बताया कि अपराधियों को मृत्युदंड से लेकर आजीवन कारावास की सजा के प्रकरणों में पुलिस के द्वारा विवेचना एवं पैरोकारी की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरुप आगे भी अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस काम करती रहेगी। बाइट...

*माननीय न्यायालय ने विचाराधीन मुकदमों में पैरवी करते हुए आधिकारिक सजा कराये जाने का उद्‌देश्य था और इस उद्‌देश्य की पूर्ति के लिए एक जुलाई 2023 से देश में ऑपरेशन कन्वेंशन प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के दौरान तीन माह में सात हजार छह सौ पैंसठ प्रकरणों में दस हजार चार सौ सत्तासी अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। गत वर्षो की तुलना से सजा में चार सौ से एक हजार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अभियान के मात्र तीन*

*माह में दो अतंकियों समेत दस को मृत्युदंड मिला। एक हजार एक सौ बयालीस अभियुक्तों को आजीवन कारावास मिला। एक सौ नवासी अभियुक्तों को बीस वर्ष की सजा मिली और सात सौ बाइस अभियुक्तों को दस वर्ष से अधिक की सजा।*

——————————

प्रदेश में नगरीय परिवहन की बसों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने क लिए कॉमन मोबिलिटी कार्ड 'वन यूपी–वन कार्ड' तैयार किया गया है। लखनऊ में आज नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने इस कार्ड को लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले चरण में लखनऊ में इस कार्ड की शुरुआत की जा रही है इसके बाद स्पेशल परपज व्हीकल–एसपीवी के तहत कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी सहित अन्य जनपदों में जहां नगरीय परिवहन बस सेवाएं हैं वहां इसे लागू किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि ये कार्ड प्रीपेड होगा, यात्रियों को टिकट लेने की जरूरत नहीं होगी। डिजिटल कार्ड से टिकट खरीदने पर यात्रियों को दस प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कार्ड के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलायें और अधिक सशक्त हुई हैं। अम्बेडकर नगर में आज 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती गुलाब देवी ने कहा कि आज महिलाएं राजनीति के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मं भाजपा की केंद्र सरकार ने मातृशक्ति को सम्मान और सशक्त बनाने के लिए देश की संसद में नारी वंदन विधेयक पारित कर ऐतिहासिक सम्मान महिलाओं को दिया है।

———————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और जन–स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढावा दे रही है। इसके चलते राज्य में मौजूदा खरीफ

सत्र में मोटा अनाज यानी श्रीअन्न का क्षेत्रफल बढ़ा है। सरकार किसानों को श्रीअन्न के बीज मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। लखनऊ के इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में कल आयोजित रबी उत्पादकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री शाही ने कहा कि कृषि कार्यों को आसान बनाने के लिये राज्य सरकार इस वर्ष कृषि यंत्रों पर साढ़े तीन करोड़ रूपये का अनुदान देगी।

——————————

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत आज बांदा में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली गई और जनपद के वीर अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। जिले के बड़ोखर ब्लाक में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने देश की मिट्टी के साथ जुड़कर अपने देश की विरासत पर गर्व करें व अपने कर्तव्यों का पालन करें। इस अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

——————————

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'मिट्टी को नमन–वीरों का बंदन' और पंच प्रण

की शपथ के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद में आज केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वी.के.सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत अमृत सरोवर के तालाबों स मिट्टी कलश में भर कर स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गई।

वाराणसी में अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के तहत सभी ग्राम पंचायतों से मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कर ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचाये जा रहे हैं। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने इन अमृत कलशों को 13 से 25 अक्टूबर के बीच जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य अमृत कलशों को लखनऊ पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

———————————

उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ने आज हमीरपुर में जिला अस्पताल और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना, इसके बाद जिला कारागार पहुंच कर उन्होंने महिला बैरिकों का

मुआयना किया, इस दौरान उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों को स्कूल भेजने की व्यवस्था करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

——————————

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस ज्ञापन पर बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन और आईआईटी मद्रास के निदेशक वी.कामकोटि ने हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते से दोनों संस्थानों के छात्रों को एक दूसर के संस्थानों में छह महीने तक शोध से संबंधित गतिविधियों के अदान प्रदान में सहायता मिलेगी।

(समाप्त)